**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या.** 1667

**(जिसका उत्तर सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया गया)**

**सहारनपुर में कंपनियों द्वारा आवंटित सीएसआर निधि**

**1667. श्री इमरान मसूदः**

**क्या कारपोरेट कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(5) स्थानीय या कंपनी संचालन स्थल के आस-पास के क्षेत्रों में सीएसआर निधि व्यय करने में प्राथमिकता प्रदान करती है;**

**(ख) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित कंपनियों द्वारा पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान कंपनीवार कितनी सीएसआर निधि आवंटित की गई है;**

**(ग) इन कंपनियों द्वारा उपर्युक्त वर्षों के दौरान स्थानीय या आस-पास के क्षेत्रों में वर्षवार कितनी सीएसआर निधि व्यय की गई; और**

**(घ) शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, ग्रामीण विकास और व्यावसायिक कौशल पर सहारनपुर जिले में और देश के शेष भाग में अलग-अलग वर्षवार और कंपनीवार कितनी निधि व्यय की गई?**

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**

**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

(क): अधिनियम की धारा 135(5) के पहले परंतुक में यह प्रावधान है कि कंपनी स्थानीय क्षेत्र और अपने आस-पास के क्षेत्रों को वरीयता देगी जहां वह प्रचालन करती है। तथापि, स्थानीय क्षेत्र पर जोर केवल निदेशात्मक है और यह अनिवार्य प्रकृति का नहीं है और कंपनियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ स्थानीय क्षेत्र की वरीयता को संतुलित करने की आवश्यकता है। अधिनियम के तहत, सीएसआर एक बोर्ड संचालित प्रक्रिया है और कंपनी के बोर्ड को अपनी सीएसआर समिति की सिफारिशों के आधार पर सीएसआर कार्यकलापों की योजना बनाने, उन पर निर्णय लेने, उन्हें निष्पादित करने और उन पर निगरानी करने का अधिकार है।

(ख): सीएसआर विधिक ढांचे के अंतर्गत सीएसआर निधियों के आबंटन का कोई प्रावधान नहीं है। तथापि, एमसीए21 रजिस्ट्री में कंपनियों द्वारा फ़ाइल किए गए सीएसआर से संबंधित सभी आंकड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और इन्हें www.csr.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, कंपनियों द्वारा पिछले पांच वित्तीय वर्षों (वि.व.) अर्थात 2018-19 से 2022-23 के दौरान सहारनपुर जिले में किया गया सीएसआर व्यय अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न हैं।

(ग): पिछले पांच वित्तीय वर्षों (वि.व.) अर्थात 2018-19 से 2022-23 के दौरान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में कंपनियों द्वारा खर्च की गई सीएसआर निधि अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न है।

**जारी....2/-**

(घ): एमसीए21 रजिस्ट्री में कंपनियों द्वारा की गई फाइलिंग के आधार पर, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले और देश के बाकी हिस्सों में पिछले पांच वित्तीय वर्षों (वि.व.) अर्थात 2018-19 से 2022-23 के लिए विकास क्षेत्रवार किए गए सीएसआर व्यय को क्रमशः अनुलग्नक-III और अनुलग्नक-IV में संलग्न किया गया है।

*****

**अनुलग्नक - I**

**दिनांक 10.03.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (ख) में संदर्भित अनुलग्नक**

**वर्ष 2018-19 से 2022-23 के लिए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में सीएसआर व्यय**

**(करोड़ रुपये में)**

| **सीएसआर व्यय** | **वित्तीय वर्ष 2018-19** | **वित्तीय वर्ष 2019-20** | **वित्तीय वर्ष 2020-21** | **वित्तीय वर्ष 2021-22** | **वित्तीय वर्ष 2022-23** |
|---|---|---|---|---|---|
| **कुल** | 0.89 | 1.55 | 2.84 | 2.54 | 4.24 |

(31.03.2024 तक के आंकड़े) (स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ)

******

दिनांक 10.03.2025 लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (ग) में संदर्भित अनुलग्नक

| वर्ष 2018-19 से 2022-23 के लिए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में कंपनियों द्वारा किया गया सीएसआर व्यय (करोड़ रुपये में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | कंपनियों के नाम | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 |
| 1. | ए एल एम इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 0.19 | - | - | 0.14 | 0.14 |
| 2. | ए एस सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | - | - | 0.17 | - | - |
| 3. | एडवांस वाल्व प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | 0.08 | - |
| 4. | अल-कैन एक्सपोर्ट्स पी लिमिटेड | - | 0.10 | 0.05 | - | - |
| 5. | एएलएम फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड | - | - | - | 0.14 | - |
| 6. | आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड | 0.01 | - | - | - | - |
| 7. | आर्टपैलेस एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | - | 0.10 |
| 8. | केपर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | - | 0.03 |
| 9. | चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | - | 0.00 |
| 10. | क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड | - | - | - | - | 0.10 |
| 11. | धानुका एग्रीटेक लिमिटेड | - | 0.04 | - | - | |
| 12. | जी आर इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड | - | - | - | - | 0.30 |
| 13. | एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | - | - | | 0.86 | 1.85 |
| 14. | एचएसआईएल लिमिटेड | - | - | 0.05 | - | - |
| 15. | इंडयूटच इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | - | 0.01 | - | - | - |
| 16. | इंडियन हर्ब्स स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड | 0.07 | 0.07 | - | - | 0.04 |
| 17. | इंडियन हर्ब्स स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड | - | - | 0.10 | - | - |
| 18. | इंडियन पोटाश लिमिटेड | - | - | 0.01 | 0.00 | - |
| 19. | आईटीसी लिमिटेड | - | - | - | - | 0.28 |
| 20. | जेएसपी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | - | 0.01 |
| 21. | मारुति पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | - | 0.09 |
| 22. | नेक्टर बायोफार्मा प्राइवेट लिमिटेड | - | - | 0.03 | - | - |
| 23. | ओप्पो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | 0.08 | - |
| 24. | पॉल मर्चेंट्स लिमिटेड | 0.00 | - | - | - | - |
| 25. | परनोड रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | - | - | 0.43 | - | - |

जारी....2/-

**दिनांक 10.03.2025 लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (ग) में संदर्भित अनुलग्नक**

**वर्ष 2018-19 से 2022-23 के लिए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में कंपनियों द्वारा किया गया सीएसआर व्यय**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | कंपनियों के नाम | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड | - | - | - | 0.24 | 0.50 |
| 27. | रवि इंफ्राबिल्ड प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | 0.01 | - |
| 28. | शबनम पेट्रोफिल्स प्राइवेट लिमिटेड | - | - | 0.02 | 0.01 | - |
| 29. | स्काई एंटरप्राइज प्राइवेट लिमिटेड | 0.02 | - | 0.02 | - | - |
| 30. | एसएमसी फूड्स लिमिटेड | - | - | - | 0.06 | - |
| 31. | स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड | 0.46 | 1.28 | 1.23 | 0.93 | 0.52 |
| 32. | सुधाकर पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड | 0.09 | - | - | - | - |
| 33. | बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | - | 0.05 |
| 34. | टारपीडो शूज़ प्राइवेट लिमिटेड | 0.05 | 0.05 | 0.05 | - | - |
| 35. | त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड | - | - | - | - | 0.03 |
| 36. | त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीजलिमिटेड | - | - | 0.68 | - | - |
| 37. | यशी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | - | - | - | - | 0.20 |
| | कुल | 0.89 | 1.55 | 2.84 | 2.54 | 4.24 |

(31.03.2024 तक के आंकड़े) (स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ)

******

**अनुलग्नक- III**

**दिनांक 10.03.2025 लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (घ) में संदर्भित अनुलग्नक**

| वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2022-23 विकास क्षेत्रवार सहारनपुर जिले में सीएसआर व्यय | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विकास क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 |
| 1. | पशु कल्याण | - | - | - | - | 0.01 |
| 2. | सशस्त्र बल, वीरांगना, युद्ध विधवाएं/आश्रित | - | 0.00 | - | - | - |
| 3. | कला और संस्कृति | - | 0.02 | 0.03 | 0.36 | 0.01 |
| 4. | शिक्षा | 0.17 | 0.07 | 1.38 | 0.07 | 0.80 |
| 5. | पर्यावरणीय स्थिरता | 0.27 | 0.63 | 0.31 | 0.31 | 0.00 |
| 6. | लैंगिक समानता | - | 0.03 | 0.25 | 0.06 | 0.41 |
| 7. | स्वास्थ्य देखभाल | 0.20 | 0.62 | 0.80 | 0.50 | 0.84 |
| 8. | आजीविका संवर्धन परियोजनाएं | - | - | 0.04 | - | - |
| 9. | गरीबी, भूखमरी उन्मूलन, कुपोषण | 0.00 | - | 0.01 | - | 0.05 |
| 10. | ग्रामीण विकास परियोजनाएं | - | - | - | 0.86 | 2.05 |
| 11. | स्वच्छ पेयजल | - | - | - | - | 0.00 |
| 12. | स्वच्छता | 0.17 | | - | 0.14 | - |
| 13. | सामाजिक-आर्थिक समानता | 0.05 | - | - | - | - |
| 14. | विशेष शिक्षा | 0.01 | 0.18 | | - | - |
| 15. | खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण | - | - | 0.01 | - | 0.03 |
| 16. | व्यावसायिक कौशल | 0.02 | - | - | - | - |
| 17. | महिला सशक्तिकरण | - | - | - | 0.24 | 0.05 |
| | कुल | 0.89 | 1.55 | 2.84 | 2.54 | 4.24 |

(31.03.2024 तक के आंकड़े) (स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ)

******

**दिनांक 10.03.2025 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1667 के भाग (घ) में संदर्भित अनुलग्नक**

**वर्ष 2018-19 से 2022-23 के लिए भारत में कंपनियों द्वारा विकास क्षेत्रवार व्यय।**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | विकास क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कृषि वानिकी | 64.75 | 67.38 | 20.90 | 34.27 | 65.07 |
| 2. | पशु कल्याण | 98.33 | 106.12 | 193.55 | 168.79 | 315.98 |
| 3. | सशस्त्र बल, वीरांगनाएं, युद्ध विधवाएं /आश्रित | 90.18 | 62.06 | 84.05 | 47.22 | 62.27 |
| 4. | कला और संस्कृति | 225.94 | 933.57 | 493.13 | 248.34 | 441.02 |
| 5. | प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण | 173.55 | 160.60 | 92.00 | 273.82 | 580.37 |
| 6. | शिक्षा | 6111.66 | 7179.51 | 6693.25 | 6569.82 | 10085.78 |
| 7. | पर्यावरणीय स्थिरता | 1368.27 | 1470.53 | 1030.16 | 2433.24 | 1960.13 |
| 8. | लैंगिक समानता | 51.86 | 82.93 | 43.83 | 104.67 | 119.83 |
| 9. | स्वास्थ्य देखभाल | 3617.15 | 4905.72 | 7325.83 | 7816.29 | 6830.60 |
| 10. | आजीविका संवर्धन परियोजनाएं | 907.98 | 1077.72 | 938.91 | 854.78 | 1654.39 |
| 11. | गरीबी, भूखमरी उन्मूलन, कुपोषण | 1195.78 | 1159.71 | 1407.58 | 1896.95 | 1232.62 |
| 12. | ग्रामीण विकास परियोजनाएं | 2434.17 | 2301.02 | 1850.71 | 1833.76 | 2005.37 |
| 13. | स्वच्छ पेयजल | 228.23 | 253.40 | 203.13 | 182.68 | 246.36 |
| 14. | स्वच्छता | 506.66 | 521.72 | 338.97 | 313.26 | 429.91 |
| 15. | वरिष्ठ नागरिक कल्याण | 46.52 | 52.33 | 56.47 | 79.58 | 132.87 |
| 16. | महिलाओं के लिए घरों और छात्रावासों की स्थापना | 57.01 | 48.50 | 44.52 | 100.92 | 48.53 |
| 17. | अनाथालय की स्थापना | 12.89 | 36.50 | 21.88 | 27.52 | 41.24 |
| 18. | स्लम क्षेत्र विकास | 51.06 | 42.94 | 88.95 | 58.38 | 93.84 |
| 19. | सामाजिक-आर्थिक समानता | 167.92 | 214.88 | 149.81 | 164.90 | 154.01 |
| 20. | विशेष शिक्षा | 186.13 | 196.88 | 209.24 | 190.52 | 305.67 |
| 21. | प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेटर | 32.10 | 53.50 | 62.62 | 8.57 | 1.38 |
| 22. | खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण | 310.16 | 304.00 | 243.39 | 291.85 | 526.14 |
| 23. | व्यावसायिक कौशल | 798.36 | 1181.23 | 717.65 | 1034.18 | 1164.19 |
| 24. | महिला सशक्तिकरण | 236.54 | 259.57 | 206.00 | 261.34 | 396.99 |
| 25. | *केंद्र सरकार की अन्य निधियां | 1156.86 | 1790.69 | 3491.30 | 1620.09 | 1091.86 |
| 26. | *एनईसी/उल्लेख नहीं किया गया | 87.61 | 502.79 | 203.14 | 0.59 | 1.50 |
| | कुल | 20217.65 | 24965.82 | 26210.95 | 26616.30 | 29987.92 |

(31.03.2024 तक के आंकड़े) (स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ)

* कंपनियों ने या तो क्षेत्रों के नाम निर्दिष्ट नहीं किए या एक से अधिक क्षेत्रों का उल्लेख किया जहां परियोजनाएं शुरू की गई थीं।

******